थ्रस्ट ब्लॉक पुनर्निर्माण का कार्य अधूरा आज भी नहीं होगा कोलार से जलप्रदाय

कोलार जलप्रदाय परियोजना का संधारण कार्य पूरा, जल्द बहाल होगी नियमित जलापूर्ति : नगर निगम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कोलार जलप्रदाय परियोजना की 1650 मिमी व्यास वाली ग्रेविटी मेन पाइपलाइन का आवश्यक संधारण कार्य पूरा कर लिया गया है। नगर निगम द्वारा थ्रस्ट ब्लॉक के पुनर्निर्माण का कार्य भी तेज गति से किया जा रहा है, जिसका लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

शेष कार्य जल्द पूरा कर नियमित जलापूर्ति बहाल की जाएगी। नगर निगम ने 2 जून से कोलार जलशोधन संयंत्र पर आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए शटडाउन लिया था। इस दौरान जलकार्य विभाग ने पाइपलाइन के संधारण का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। अब थ्रस्ट ब्लॉक के पुनर्निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। महापौर मालती राय और निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कार्यस्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को नियमित और सुचारु जलापूर्ति उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए तेजी से कार्य पूर्ण करने के लिए कहा गया है। निगम प्रशासन के अनुसार, बुधवार शाम तक थ्रस्ट ब्लॉक निर्माण का आधा कार्य पूरा हो चुका था और शेष कार्य भी तेजी से जारी है। कार्य पूर्ण होते ही जलापूर्ति की प्रक्रिया सामान्य रूप से शुरू कर दी जाएगी। नगर निगम ने जलापूर्ति प्रभावित होने से नागरिकों को हुई असुविधा पर खेद व्यक्त किया है।

खेल प्रतिभाओं को निखारने हर जिले में बनेंगे फीडर सेंटर :विश्वास

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की खोज और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार फीडर सेंटर नेटवर्क विकसित करेगी।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने टैलेंट सर्च अभियान की समीक्षा बैठक में अधिकारियों और प्रशिक्षकों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में फीडर सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिल सकें। मेजर ध्यानचंद हॉल में आयोजित बैठक में श्री सारंग ने कहा कि दूसरे चरण में विधानसभा स्तर पर विकसित किए जा रहे नए स्टेडियमों को भी फीडर सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे खेल सुविधाओं का दायरा और मजबूत होगा तथा अधिक से अधिक खिलाड़ी लाभान्वित होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश पहले से ही खेल अकादमियों के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। अब फीडर सेंटरों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से प्रदेश खेल प्रतिभाओं के विकास में राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाएगा। खेलवार और क्षेत्रवार टैलेंट सर्च अभियान संचालित किए जाएंगे। मंत्री ने स्कूलों, कॉलेजों, समर कैंपों और शिक्षा विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने टैलेंट सर्च प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में खेल अकादमियों में सीटें बढ़ाने और खिलाड़ियों की प्रगति की निगरानी के लिए आधुनिक एथलीट मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने पर भी चर्चा हुई। श्री सारंग ने कहा कि खेलों को जन-आंदोलन बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

नाबार्ड आम महोत्सव 9.0 का शुभारंभ आज

आदिवासी किसानों के रसायनमुक्त आम होंगे उपलब्ध

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नाबार्ड, मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित आम महोत्सव 9.0 का शुभारंभ 4 जून को किया जाएगा। यह आयोजन बिट्टन मार्केट स्थित नाबार्ड कार्यालय परिसर में 4 से 8 जून तक चलेगा, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आए उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले रसायनमुक्त आम भोपालवासियों के लिए उपलब्ध होंगे।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण नाबार्ड समर्थित वाड़ी परियोजनाओं के प्राकृतिक रूप से उत्पादित आम हैं, जिन्हें पकाने में किसी भी प्रकार के रसायन का उपयोग नहीं किया गया है। नाबार्ड द्वारा आदिवासी किसानों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों का उद्देश्य कृषि को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाना है।

आम महोत्सव में आम्रपाली, लंगड़ा, दशहरी, केसर, चौसा, मल्लिका, राजापुरी और नूरजहाँ जैसी विभिन्न किस्मों के आम उपलब्ध होंगे। जीआई टैग प्राप्त सुंदरजा आम भी इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहेगा।नाबार्ड का यह प्रयास आदिवासी किसानों को उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ शहरी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और रसायनमुक्त फल उपलब्ध कराना है। महोत्सव 8 जून तक चलेगा।

भोपाल की पहचान झीलें और पहाड़ियां, इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित भोपाल अंतरराष्ट्रीय महोत्सव एवं परिसंवाद के तीसरे संस्करण का मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में समापन हुआ।

दो दिवसीय आयोजन में शहर के विकास, सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण संरक्षण और शहरी चुनौतियों जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। शुरुआत पीएसबीटी की फिल्म 'वेटिंग फॉर द किंग्स' के प्रदर्शन से हुई। उद्घाटन सत्र में 'शेपर्स ऑफ भोपाल' विषय पर चर्चा आयोजित की गई। वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक अशोक वाजपेयी ने

ऑनलाइन संबोधन में भोपाल की सांस्कृतिक पहचान और शहर से अपने गहरे जुड़ाव का उल्लेख किया। फ्लैगशिप कोलोक्वियम में भोपाल सिटीजंस फोरम और विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने शहर की रीब्रांडिंग और भविष्य की विकास रणनीति पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध भोपाल को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं की आवश्यकता है। शहरों के सतत और समावेशी विकास पर आयोजित सत्र में प्रो. एच.एम. मिश्रा ने अनियोजित शहरीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पानी, हवा और प्रकाश जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को संरक्षित रखना समय की मांग है। वहीं मैनिट की प्रो. सविता राजे ने कहा कि भोपाल की वास्तविक पहचान इसकी झीलें और पहाड़ियां हैं, जिन्हें बचाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाने चाहिए। समापन सत्र में पद्मश्री उमाकांत गुंदेचा के शिष्य श्याम वैष्णव ने सितार वादन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पद्मश्री डॉ. किरण सेठ ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य, योग और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर भी प्रेरक विचार रखे।

समय-सीमा में पूर्ण होंगे भाजपा के निर्माणाधीन जिला कार्यालय

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए निर्माणाधीन जिला कार्यालयों के कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन जिला कार्यालयों का निर्माण कार्य चल रहा है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। श्री खण्डेलवाल ने कहा कि इस वर्ष पार्टी के स्थापना दिवस पर जिन जिला कार्यालयों का भूमि-पूजन किया गया है, उनका निर्माण कार्य वर्ष 2027 के स्थापना दिवस से पहले पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष स्थापना दिवस के अवसर पर इन कार्यालयों के लोकार्पण की योजना बनाई गई है।

बैठक में उन्होंने पुराने जिला कार्यालयों के नवीनीकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन कार्यालयों में मरम्मत और पुनरुद्धार की आवश्यकता है, उनकी रिपोर्ट जिलों से प्राप्त कर आवश्यक कार्य शुरू किए जाएं। कार्यालयों को कार्यकर्ताओं की जरूरतों के अनुरूप अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाया जाएगा।

बैठक में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति के संयोजक एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन उपस्थित रहे।

तरंग कला महोत्सव 6.0 में युवा प्रतिभाओं ने बिखेरे कला के रंग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के रवींद्र भवन में नटराजन परफॉर्मिंग आर्ट्स सोसायटी द्वारा तरंग कला महोत्सव 6.0 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और युवा कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। विशेष अतिथि के रूप में संजय कुमार श्रीवास्तव और संजय मेहता शामिल हुए। इस अवसर पर जय वाधवानी ने युवा कलाकारों की प्रतिभा और समर्पण की सराहना की।महोत्सव में नृत्य भक्ति अकादमी के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय कथक और पारंपरिक गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों की कोरियोग्राफी रश्मि सिंह द्वारा की गई थी। कलाकारों की लय, भाव-भंगिमा और मंच संचालन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अंत में सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का सम्मान किया गया। तरंग कला महोत्सव 6.0 ने भोपाल के सांस्कृतिक परिदृश्य को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

नृत्य और भक्ति का अनुपम उत्सव, 'भावानुभाव' कल से

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा, आध्यात्मिक भावबोध और सौंदर्य चेतना का अद्भुत संगम 5 से 7 जून तक भारत भवन में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय नृत्य समारोह 'भावानुभाव' में देखने को मिलेगा।

अनहद, भारत भवन द्वारा आयोजित इस विशेष समारोह में देश के प्रतिष्ठित नृत्यांगनाओं और कलाकारों की प्रस्तुतियां कला प्रेमियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत की अनुपम अनुभूति कराएंगी। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि भावानुभाव' केवल एक नृत्य समारोह नहीं, बल्कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं के माध्यम से भक्ति, सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना के विविध आयामों को अनुभव करने का एक दुर्लभ अवसर होगा। समारोह का शुभारंभ 5 जून को सायं 7 बजे प्रसिद्ध कथक कलाकार करण गंगानी एवं उनके साथी कलाकारों की प्रस्तुति 'वन्दे कृष्णं जगतगुरुं' से होगा। इसके बाद सायं 7:40 बजे श्वेता देवेन्द्र और उनके साथी कलाकार भरतनाट्यम शैली में 'माधव दर्शनम्' की मनोहारी प्रस्तुति देंगे। दोनों प्रस्तुतियों में श्रीकृष्ण के विविध रूपों, भावों और आध्यात्मिक आयामों की कलात्मक अभिव्यक्ति देखने को मिलेगी।

6 जून को सायं 7 बजे कृत्य नरसिंह राणा एवं उनके साथी कलाकार ओडिसी नृत्य शैली में 'गीत गोविन्दम्' प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात सायं 7:40 बजे कथक नृत्यांगना क्षमा मालवीय और उनकी टीम 'अष्टपदी और नवरस' के माध्यम से भक्ति, प्रेम और मानवीय भावनाओं के विविध रंगों को मंच पर साकार करेगी। समारोह के अंतिम दिन 7 जून को सायं 7 बजे मंजरी चतुर्वेदी एवं उनके साथी कलाकारों की प्रस्तुति 'राधा रास' होगी। यह प्रस्तुति राधा-कृष्ण की दिव्य प्रेम अनुभूति और रास परंपरा को कथक के माध्यम से अभिव्यक्त करेगी।

11 परिसरों में पकड़ी बिजली चोरी

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल शहर संभाग पूर्व अंतर्गत चांदबढ़ जोन में बिजली चोरी की शिकायतों एवं स्मार्ट मीटरों से प्राप्त संकेतों के आधार पर विशेष जांच अभियान में कार्रवाई की गई। विजिलेंस ऐप में दर्ज मामलों के आधार पर 11 परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी गई।

जांच में कुल 11 परिसरों में विद्युत पोल से सीधे तार जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए विद्युत चोरी पाई गई। सभी मामलों में नियमानुसार पंचनामा तैयार कर विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर एवं डिजिटल निगरानी प्रणालियों के माध्यम से विद्युत चोरी पर लगातार नजर रखी जा रही है। विद्युत चोरी की रोकथाम एवं राजस्व संरक्षण के लिए ऐसे विशेष जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की विद्युत चोरी या अनियमितता से बचें। विद्युत चोरी न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे विद्युत व्यवस्था की गुणवत्ता एवं सुरक्षा भी प्रभावित होती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

नप्र, भोपाल : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने दिल्ली के मालवीय नगर में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना में कई लोगों के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। श्री खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। वहीं श्री खण्डेलवाल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता हरि सिंह दांगी के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

कार्यालय नगर पालिक निगम,भोपाल जोन क्र.-08 यांत्रिकी विभाग

क्रमांक 120/यां.वि./2026 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल दिनांक 03/06/2026

निम्नलिखित कार्य म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

S. No.	निविदा क्रं.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू.लाख में)	निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक	समय
1	2026_UAD_512205_1	CONSTRUCTION OF COMMUNITY HALL NEAR PRACHIN SHIAV MANDIR SUDAMA NAGAR W-28 Z-08 2025206152	7,35,132/-	18.06.2026	5.30 PM
2	2026_UAD_512236_1	CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM S-1126 TO SANCHI PARLOUR AND FROM S-736 To S-750 NEHRU NAGAR W-29 Z-08 2025206337	5,28,686/-	18.06.2026	5.30 PM

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be publish websitehttps://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.

Assistant Engineer
Municipal Corporation Bhopal
District Bhopal

नि. क्र. 268/026/027

चूना भट्टी में 2.27 करोड़ की पानी टंकी का भूमिपूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के चुना भट्टी में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पानी की टंकी का भूमि पूजन विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा किया गया। इस परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के कई आवासीय इलाकों को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा।

इस जल संरचना से आम्रपाली, छत्रपति कॉलोनी, स्टर्लिंग फेस 1 और 2, सोमा विहार, लेक पैलेस, यशोदा विहार, जानकी बंग्लो, अमलतास फेस-1 और फेस-3, कृष्णा सोसायटी, ग्लोबस सिटी, ईश्वर नगर और सागर गार्डन सहित अनेक क्षेत्रों के रहवासियों को लाभ मिलेगा।

विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण और पौधारोपण की अपील करते हुए कहा कि आने वाले समय में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए।

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण,भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई. डी. नं.6626080005,आवेदन क्रमांक-12171, आवेदन दिनांक-20/05/2026
क्रमांक 2041/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल
दिनांक: 01/06/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की रक्षा विहार योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 05A सेक्टर-सी श्री जोगिंदर सिंह आत्मज श्री योगी राज सिंह के नाम पर आवंटित है। आवंटी का स्वर्गवास दिनांक: 06/02/2025 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिसगण पुत्री श्रीमती प्रोमिला चौधरी एवं श्रीमती गीतू चौधरी द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत वसीयत तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त संपति का नामांतरण अपने संयुक्त नाम पर चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण,भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई. डी. नं.1210200039,आवेदन क्रमांक-11099, आवेदन दिनांक-13/02/2026
क्रमांक 1091/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल
दिनांक: 27/05/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इंद्रपुरी योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक-199, सेक्टर सी, मेसर्स देवाशीष हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेट द्वारा डायरेक्टर श्री आशीष गोयल आ. स्व. श्री एम.एल. गोयल के नाम पर आवंटित है। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड पर बहुमंजिल भवन निर्मित कर प्रकोष्ठों का निर्माण किया गया। भूखण्ड पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रमांक 09 द्वितीय तल क्षेत्रफल 400 वर्गफीट का विक्रय श्री एस.सी. कुलकर्णी आत्मज श्री पी.आर. कुलकर्णी को विक्रय कर दिनांक 19/07/1995 को रजिस्ट्री की दी गई। श्री एस.सी. कुलकर्णी द्वारा प्रकोष्ठ का नामांतरण अपने नाम पर नामांतरण न कराये जाने के पूर्व ही दिनांक 02/04/2024 को स्वर्गवास हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती वंदना कुलकर्णी पत्नी स्वर्गीय श्री एस.सी. कुलकर्णी द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र, फोटो एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त प्रकोष्ठ क्रमांक 99 का नामांतरण अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

न्यायालय: कमिश्नर फार वर्कमेंस काम्पेनसेशन श्रम, न्यायालय, क्रमांक 2 भोपाल (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 36/2011/डब्ल्यू. सी.एक्ट फेटल/वि.

सूचना-पत्र

सर्व संबंधित को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृतक जुझार सिंह आ. श्री शिवनारायण सिंह मेहर निवासी ग्राम हासरोद तहसील की दिनांक 24.04.2016 को नियोज ब्यावरा जिला राजगढ़ (म.प्र.) के नियोजन में मृत्यु होने के कारण नियोजक/बीमा कंपनी द्वारा क्षतिधन राशि 266,261=00 शब्दों में (दो लाख छियासठ हजार दो सौ इकसठ रूपये मात्र) जमा किया गया है। उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आवंटन बाबत् कार्यवाही हेतु श्रवण तिथि 23.06.2026 नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकार अधिनियम के तहत उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी समझता हो तो, अपने साथ दो-दो अभिप्रमाणित फोटो/ दो गवाह, राशन कार्ड व सेविंग खाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि 23.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत करें। प्रकरण में जमा क्षतिधन आवंटित न करने बाबत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथि को पेश करें। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02.06.2026 को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

आयुक्त
कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक/खनिज/2026 — भोपाल,दिनांक//2026

सूचना

(म.प्र. गौण खनिज नियम-1996 के नियम-18-क)

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना मिश्रा, पत्नी श्री अरुण मिश्रा, निवासी 60, पत्रकार कॉलोनी, रिंग रोड क्रमांक-3, भोपाल म.प्र. द्वारा गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 क के तहत् उत्खनिपट्टा नवकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र क्र. 543 दिनांक 18.03.2026 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त	खनिज का नाम	रिमार्क
भोपाल	हुजूर	तूमड़ा	833/1/1	2.000 हे.	शासकीय भूमि	काला पत्थर (क्रेशर आधारित)	10.01.2017 से 09.01.2027 तक

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला भोपाल में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा)
जिला भोपाल (म.प्र.)

जी-13842/26